# SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE

## Podar Educational Campus, Nawalgarh - 333042 (Raj.)

## Website: www.podarcollege.com

**1.3.1 Institution integrates crosscutting issues relevant to Professional Ethics, Gender, Human Values, Environment and Sustainability into the Curriculum**

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

सत्यमेव जयते

**प्रधान मंत्री**

**Prime Minister**

## संदेश

जी. बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है। विद्यार्थी जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझना और इस दिशा में कार्य करना स्वस्थ व सुंदर समाज के लिए एक अच्छी पहल है।

यह देखकर खुशी होती है कि स्वच्छता के प्रति देश भर से सकारात्मक बातें देखने-सुनने को मिल रही हैं और इस बारे में एक विशेष माहौल बना है। अब खुले में कूड़ा फेंकने वाले के मन में यह अपराधबोध होता है कि मैं कुछ गलत कर रहा हूं। स्वच्छता के लिए यह सबसे खास बात है कि हम इसे अब अपने व्यवहार के साथ जोड़ने लगे हैं। देशवासियों का स्वच्छता के प्रति जागरुक होना और इसे सेवाभाव से जोड़कर देखना एक अहम् बदलाव है।

आज जब हम गांधी जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं, ऐसे में 'स्वच्छ भारत' का निर्माण उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कड़ी में जी. बी. पोदार कॉलेज के विद्यार्थियों का स्वच्छता के प्रति यह प्रयास सराहनीय है जिससे समाज को प्रेरणा मिलेगी।

जी. बी. पोदार कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
06 दिसंबर, 2018

**डॉ. सत्येन्द्र सिंह**
प्राचार्य
जी. बी. पोदार कॉलेज
रामबिलास पोदार रोड, नवलगढ़
जिला- झुंझुनू
राजस्थान- 333042

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

राजस्थान पत्रिका . झुंझुनूं मंगलवार, 26 नवम्बर, 2019
patrika.com


# अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया

नवलगढ़.कस्बे के सेठ जीबी पोदार कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विनोद सैनी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के प्रति हिंसा एक वैश्विक महामारी के रूप में जारी है जो महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन है.इस प्रकार की स्थिति महिलाओं के बीच असमानता का परिणाम है। इस अवसर पर समाजशास्त्र के व्याख्याता डॉ विक्रम सिंह जाखड़ ने महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के उपायों पर प्रकाश डाला।

डॉ अन्नपूर्णा सोनी ने विद्यार्थियों से समाज में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के प्रतिकार का आह्वान किया।पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कान्तिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि कॉलेज स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए.लोगों को महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा को रोकने के लिये जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE

**Podar Educational Campus, Nawalgarh - 333042 (Raj.)**


# बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नवलगढ़।** कस्बे के दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित पोदार महाविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन एनएसएस यूनिट द्वितीय के प्रभारी प्रो. सुमन सैनी के नेतृत्व में किया गया। संगोष्ठी के अन्तर्गत बालिका दिवस मनाने का औचित्य एवं वर्तमान में इस दिवस के मनाये जाने की प्रासंगिकता पर प्रो. मेघा शर्मा, प्रो. रमा डिडवानिया ने पीपीटी के माध्यम से प्रकाश डाला। व्याख्याता डॉ अन्नपूर्णा सोनी ने अपने वक्तव्य में बताया कि इस प्रकार आज के समय में बालिकाओं के मूल अधिकारों के प्रति सोचने की आवश्यकता है। बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। संगोष्ठी में महाविद्यालय के अन्य महिला व्याख्याता प्रो. ज्योति खंडेलवाल एवं प्रो. मधु सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में प्रो. सुमन सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार ने विश्व बालिका दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बालिकाओं की खुशहाली में ही राष्ट्र की खुशहाली है।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

## THE ANANDILAL PODAR TRUST, NAWALGARH

दिनांक : 27.07.2018

### पोदार संस्थाओं में मनाया कारगिल विजय दिवस।

नवलगढ : दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा शुरू की गई मुहिम "हमारे जवान– हमारी शान" के तहत पोदार जीपीएस प्रार्थना स्थल पर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। यह कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष 26 जुलाई को उन वीर शहीदों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपने देश की रक्षा के लिए लडते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे कर वीर गति को प्राप्त हुए। इस कारगिल विजय दिवस पर मुख्य अतिथि लेफिटनेट श्री सुभाष मील थे। अध्यक्षता पोदार जीपीएस प्राचार्या श्रीमती सोनिया मिश्रा ने की विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य पोदार हिन्दी मीडियम स्कूल डॉ पूनम चन्द जोशी थे। पोदार जीपीएस प्राचार्य एवं पोदार हिन्दी माध्यम प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर, साफा पहनाकर एवं स्कूली बच्चों द्वारा तैयार ग्रीटिंग्स देकर स्वागत एवं सम्मान किया। पोदार जीपीएस की छात्राओं ने देश भक्ति के गीतों के माध्यम से कारगिल शहीदों को याद किया। पोदार हिन्दी माध्यम प्रधानाचार्य ने कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। पोदार जीपीएस प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध की जानकारी देते हुए बताया कि यह युद्ध भारत पाकिस्तान के बीच 60 दिनों तक चला जिसमें लगभग 2 लाख भारतीय सैनिकों ने भाग लिया और 527 भारतीय सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की।

मुख्य अतिथि ले. सुभाष मील ने कारगिल युद्ध के बारें में जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन विजय प्रारम्भ किया गया था और ऑपरेशन विजय की सफलता के बाद इससे कारगिल विजय दिवस का नाम दिया गया। इस कारगिल विजय दिवस पर पोदार कॉलेज, पोदार टीटी कॉलेज, पोदार जीपीएस, पोदार एसकेपी टायनी टोडलर प्ले स्कूल, पोदार आईटीआई, पोदार हिन्दी माध्यम, पोदार प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और कारगिल शहीदों को श्रृद्धाजली दी और उनको नमन किया।

पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार की हमेशा से यही सोच रही है कि इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना और सैनिक एवं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति आदर व सम्मान का भाव पैदा करना है।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

ka.com

राजस्थान पत्रिका.

झुंझुनूं , शुक्रवार, 02 अक्टूबर, 2020

## गांधी जयंती पर की सफाई, लगाए पौधे



नवलगढ़. कस्बे के गांधी पार्क में महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के जयन्ती कार्यक्रम में मौजूद लोग व पोदार ट्रस्ट के पदाधिकारी।

दैनिक भास्कर

झुंझुनूं, शनिवार 3 अक्टूबर, 2020 | 13



वलगढ़. गांधी पार्क में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोग।

Satyendra Singh

Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

## सेमीनार में बताया जल का महत्व

नवलगढ़. दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी वेदिका पोदार की ओर से चलाई जा रही जल संरक्षण की मुहिम (जल है तो कल है) के तहत गांव बाय स्थित राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय में एक दिवसीय सेमीनार हुई। अध्यक्षता स्कूल प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी ने की। सेमीनार संयोजक संयोजक राजेश वर्मा ने ट्रस्टी की ओर से चलाईजा रही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी मुहिमों पर प्रकाश डाला। सह संयोजक व पोदार स्कूल के प्राचार्य डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि आज विश्व के समक्ष घटता भूजल स्तर सबसे बड़ी समस्या है। हम सबको जल का समुचित उपयोग कर इसके दुरुपयोग या व्यर्थ दोहन को रोकना होगा। अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। स्कूल प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी ने पोदार ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही जल संरक्षण व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अन्य मुहिमों की सराहना की। सेमीनार में पोदार कॉलेज के प्रो. दाऊलाल बोहरा, जीपीएस, पोदार बीएड कॉलेज, पोदार टाइनी टोडलर, पोदार स्कूल के स्टॉफ सदस्यों ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी वेदिका आर पोदार का मानना है कि ऐसी सेमीनारों के माध्यम से लोगों को जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक कर सकते हैं।

झुंझुनूं. गोमती देवी पीजी कॉलेज बड़ागांव में पीजी फिजिक्स का सेमीनार हुआ। संस्था निदेशक चंदू शर्मा ने कहा कि सेमीनार के माध्यम से विद्यार्थी अपने विचार, जिज्ञासाएं आदि व्यक्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ.एसके सेवका ने आभार जताया।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

## पोदार ट्रस्ट द्वारा जल संरक्षण पर बाय में सेमीनार

नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा चलाई जा रही जल संरक्षण की मुहिम (जल है तो कल है) के तहत बाय स्थित राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय में एक दिवसीय सेमीनार आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी ने की। सेमीनार के संयोजक राजेश वर्मा व सह संयोजक पोदार स्कूल के प्राचार्य डॉ. मोहन सिंह थे। सेमीनार को सम्बोधित करते हुए संयोजक राजेश वर्मा ने ट्रस्टी द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी मुहिमों वृक्ष लगाओ-भविष्य बचाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पढ़े भारत-बढ़े भारत, बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ, जल है तो कल है के उद्देश्य एवं इसके स्वरूप पर प्रकाश डाला और जल संरक्षण सम्बंधी विधियों की जानकारी दी। डॉ. मोहन सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज विश्व के समक्ष भू जल स्तर सबसे बड़ी समस्या है और यही स्थित रही तो आने वाले समय में देशों के मध्य युद्ध का कारण पानी ही होगा। इसलिए हम सबको जल का समुचित उपयोग कर इसके दुरूपयोग या व्यर्थ दोहन को रोकना होगा तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। सेमीनार को सम्बोधित करते हुए स्कूल प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी ने पोदार ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही जल संरक्षण व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अन्य मुहिमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इनमें अपने सहयोग व समर्थन की प्रतिबद्धता जताई। सेमीनार में पोदार कॉलेज के प्रो. दाउलाल बोहरा, जीपीएस, पोदार बीएड कॉलेज, पोदार टाइनी टेडलर, पोदार स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका आर पोदार का मानना है कि ऐसी सेमीनारों के माध्यम से लोगों को जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर सकते है।



## पोदार जीपीएस की छात्रा को मिला प्रतिभा खोज परीक्षा में द्वितीय पुरस्कार

नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्था पोदार जीपीएस की कक्षा 11वीं कला संकाय की छात्रा दिव्या सैनी ने



मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान

सत्यमेव जयते

झलको झुंझुनूं

"स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम"

जल स्वावलम्बन की ओर बढ़ते कदम

## मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान द्वितीय चरण

**(जिला स्तरीय समिति मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान, झुंझुनूं)**

### प्रशस्ति - पत्र

श्री /श्रीमती दी आनन्दीलाल पोद्दार ट्रस्ट, नवलगढ़ "मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान द्वितीय चरण अन्तर्गत" सीएसआर के तहत सामाजिक सरोकार के कार्यो के क्रियान्वयन हेतु कॉर्पोरेट जगत, गैर - सरकारी संस्थाओं, धार्मिक सामाजिक ट्रस्टों, व्यक्तिगत, व्यक्तिगत समूहों इत्यादि द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की सहायता (नगद/चैक/श्रम/सामग्री/ मशीन) द्वारा करने पर जिला स्तरीय समिति झुंझुनूं द्वारा प्रशस्ति - पत्र प्रदान किया जाता है।

दिनांक:..................
स्थान : झुंझुनूं

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद, झुंझुनूं

जिला कलक्टर
झुंझुनूं

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

## THE ANANDILAL PODAR TRUST

# एक पेड लगाओ – एक बेटी बचाओ : सुश्री वेदिका पोदार

नवलगढ : दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं के द्वारा डॉ रामनाथ आनन्दीलाल पोदार खेल परिसर में वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार के आतिथ्य में पोदार पी. जी. महाविद्यालय, पोदार टी.टी. कॉलेज, पोदार जीपीएस, पोदार टाईनी टोडलर, पोदार हिन्दी माध्यम, पोदार प्राथमिक के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण करके पर्यावरण को बचाने का अभियान प्रारम्भ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि सुश्री वेदिका पोदार ने समस्त विद्यार्थियों को वृक्षारोपण करने एवं वृक्ष की रक्षा के साथ – साथ पर्यावरण सरंक्षण की बात पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्वच्छता की ओर नियमित रूप से ध्यान देना होगा। अपने जन्म दिवस एवं विद्यालय में प्रवेश के समय पर एक वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम की समाप्ति से पूर्व पोदार शिक्षण संस्थाओं के छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों को सुश्री पोदार ने इस बात की शपथ दिलवाई की प्रत्येक छात्र –छात्रा एवं कर्मचारी ''एक पेड लगाओ और एक बेटी बचाओ '' इस अवसर पर पोदार ट्रस्ट के सी.ई.ओं. डॉ जे. पी. कडवासरा सहित सभी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य भी उपस्थित रहे। मीडिया कर्मियों का इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'





**पोदार कॉलेज परिसर में किया गया पौधारोपण**

आस-पास ब्यूरो... नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी वेदिका पोदार द्वारा चलाई गई मुहिम 'वृक्ष लगाओ-भविष्य बचाओ' के तहत पोदार महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पोदार कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने पर्यावरण को सुरक्षित व सुन्दर बनाए रखने के लिए संदेश दिया। पोदार महाविद्यालय के इस पौधारोपण कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया इस पौधारोपण कार्यक्रम में अशोक छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर. पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार का मानना है कि पेड़ होंगे तो जीवन होगा का महत्व समझते हुए अधिकाधिक वृक्ष लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें जिससे पर्यावरण को सुन्दर बनाया जा सकें।

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'






Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE

**Podar Educational Campus, Nawalgarh - 333042 (Raj.)**

दैनिक भास्कर सीकर, बुधवार 27 नवंबर, 2019 | 13

## शिक्षा व बाजार क्षेत्र के समाचार

### महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया



नवलगढ़ | सेठ जीबी पोदार कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से सोमवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता डॉ. विनोद सैनी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के प्रति हिंसा एक वैश्विक महामारी के रूप में जारी है जो महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन है। इस प्रकार की स्थिति महिलाओं के बीच असमानता का परिणाम है। इस प्रकार की असमानता ने समाज में महिलाओं को दोयम दर्जे का बना दिया और सारे अधिकारों से वंचित कर दिया जाता है। व्याख्याता डॉ. विक्रमसिंह जाखड़ ने महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. अन्नपूर्णा सोनी ने भी कई जानकारी दी।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'



नवलगढ़. कस्बे के सेठ जीबी पोदार कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता को प्रोत्साहित करते हुए।

## 101 युवाओं ने किया रक्तदान

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**नवलगढ़.** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित पोदार शिक्षण संस्थाओं, श्रीमती सिंगारी देवी कन्हैयालाल पाटोदिया ट्रस्ट, एचडीएफसी बैंक शाखा नवलगढ़ तथा अलायंस क्लब नवलगढ़ के तत्वावधान में कस्बे की पोदार कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 101 यूनिटरक्त संग्रहित किया गया। शिविर में पोदार कॉलेज के स्काउट, एनसीसी कैडेटस छात्र-छात्रा, एनएसएस इकाई प्रथम एवं द्वितीय, विद्यार्थियों तथा स्टॉफ सदस्यों ने रक्तदान किया। इस मौके पर पोदार ट्रस्ट के सचिव प्रो. एमसी मालू, अलायन्स क्लब अन्तरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़, पोदार ट्रस्ट के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ वीएस शुक्ला, पोदार कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, समाजसेवी रविन्द्र पुरोहित, आनन्द सिंह, जनार्दन घोड़ेला, एचडीएफसी बैंक प्रबंधक भावेश पारासर, अनिल जाखड़, एनसीसी एएनओ, एनएसएस प्रभारी, डॉ संजय सैनी आदि मौजूद थे। इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कान्तिकुमार आर. पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार ने रक्तदान शिविर आयोजक को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि एसी परोपकारी गतिविधियों में पोदार ट्रस्ट हमेशा अपना पूरा सहयोग देता रहेगा।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

राज समाचार     नवलगढ     दिनांक 24.03.2018

## समाचार नं. 04 पोदार संस्थाओं ने मनाया विश्व जल संरक्षण दिवस!



**नवलगढ़:-** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्था पोदार काॅलेज, पोदार टी.टी. काॅलेज, पोदार जी.पी.एस, पोदार एस.के.पी. टायनी टोडलर प्ले स्कूल, पोदार हिन्दी माध्यम, पोदार प्राइमरी, पोदार आई.टी.आई. में विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम उपरान्त पोदार काॅलेज के पिम्स विभाग मंे विश्व जल संरक्षण दिवस पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें पोदार काॅलेज प्राचार्य डाॅ सत्येन्द्र सिंह व जूलाॅजी विभागाध्यक्ष डाॅ. दाऊलाल बोहरा ने अपने उद्बोधन में स्टाॅफ सदस्यों, विद्यार्थियों को भू-जल के गिरते जल स्तर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए चिन्ता व्यक्त की। उसी का एक परिणाम फ्लोराइड भी है जिससे शरीर में अनेक बीमारियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। इसके अन्तर्गत विभिन्न सभ्यताओं में जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पीने का पानी के उपलब्धता कम होती जा रही है जिसके लिए हमें भी अपनी ओर से प्रयास करने की आवश्यकता है। हम पानी की उपयोगिता को अभी तक नहीं समझ पाये है जिससे उसके उपयोग से ज्यादा हम उसे बहा देते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि घर का पानी घर में, खेत का पानी खेत में रहें तथा वर्षा जल संरक्षण की बात कहीं। इसके लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया गया कि वे आगे आएँ और जल संरक्षण के लिए स्वयं भी जागरूक हों और समाज में जाग्रति लाएँ।

पोदार ट्रस्ट चैयरमैन कान्ति कुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए होते रहने चाहिए। जिससे विद्यार्थियों में जल संरक्षण की आदत विकसित हो सके।

Satyendra Singh  Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

दैनिक उद्योग आस-पास    सीकर, गुरुवार, 06 जून, 2019 | 3

# पोदार कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर सेमीनार का आयोजन

नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी मुहिम वृक्ष लगाओ भविष्य बचाओ के तहत दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट एवं ओलायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पोदार कॉलेज के सेमीनार हॉल में विश्व अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर अलायंस क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. दयाशंकर जांगिड़ की अध्यक्षता में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर पोदार ट्रस्ट के निदेशक डॉ. बीएस शुक्ला ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विस्तार से अपने विचार रखे और अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने की उपस्थित सदस्यों से अपील की। पोदार ट्रस्ट की सचिव प्रो. एमसी भालू ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षों की कटाई अंधाधुंध हो रही है जिसके कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगा है। अतः जीवन बचाए रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी उचित ढंग से देखभाल करनी चाहिए तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित रख पायेंगे। अलायंस क्लब के अन्तर्राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। अतः हम सभी को पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा चलाई जा रही मुहिम वृक्ष लगाओ भविष्य बचाओ को आगे बढ़ाते हुए पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए अधिकाधिक वृक्ष लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करने का कार्य करना चाहिए। अंत में सभी को पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर पोदार कॉलेज स्टॉफ, मोहन लाल चूड़ीवाल, ओमप्रकाश चोबदार, मुरली चोबदार, फूलचन्द सैनी, डॉ. अंकित शर्मा आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों ने पोदार कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया। पोदार कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि इस प्रकार की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियाँ कॉलेज स्तर और गांवों ढाणियों में आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाना चाहिए जिससे लोग पर्यावरण को सुन्दर बनाए रखने में अपना सहयोग कर सकें।



# पोदार शिक्षण संस्थाओं में विश्व बालिका दिवस मनाया

नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित पोदार कॉलेज एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय एवं एनसीसी, पोदार जीपीएस स्कूल एवं श्रीमती स्नेहलता के पोदार टायनी टोडलर प्ले स्कूल एवं पोदार हिंदी माध्यम नवलगढ़ में बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लड़कियों द्वारा चुनौतियों को पहचानना और उनका सामना करना तथा उनकी आवश्यकताओं को उजागर करके लड़कियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व मानवाधिकारों के प्रति कार्यक्रम में बालिकाओं को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के राष्ट्रीय अभियान 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एवं पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार के द्वारा चलाई गई मुहिम 'बेटी पढ़ाओ देश बढ़ाओ' जैसे विभिन्न अभियानों की चर्चा की गई। गौरतलब है कि विश्व बालिका दिवस बालिकाओं के प्रति विभिन्न उद्देश्यों के पहल करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पोदार कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्येंद्रसिंह व उप प्राचार्य डॉ. विनोद सैनी, प्राचार्या सोनिया मिश्रा व पोदार टायनी टोडलर प्राचार्या प्रेमलता एवं पोदार हिंदी माध्यम स्कूल प्राचार्य डॉ. मोहनसिंह ने विभिन्न योजनाओं जो विश्वस्तर पर बालिकाओं के लिए उपयोगी हैं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनकी विभिन्न विभागों में भूमिकाओं की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अनिल सैन द्वारा किया गया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार और ट्रस्टी वेदिका पोदार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बालिकाओं की खुशहाली में ही राष्ट्र की खुशहाली निहित है।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

दैनिक भास्कर झुंझुनूं, शनिवार 24 मार्च, 2018 | 22

## विद्यार्थियों को पानी बचाने की शपथ दिलवाई

नवलगढ़ | दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ओर से संचालित शिक्षण संस्थाओं में विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया। पिम्स विभाग में एक सेमीनार भी हुई। पोदार कालेज प्राचार्य डॉ. सत्येंद्रसिंह व डॉ. दाऊलाल बोहरा ने गिरते जल स्तर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए चिंता व्यक्त की। विभिन्न सभ्यताओं में जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों के बारे में भी बताया। वक्ताओं ने जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

**प्रशंसा दिवस मनाया :** दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ओर से संचालित संस्था पोदार कालेज, पोदार टी टी कालेज, पोदार जीपीएस, पोदार एसकेपी टायनी टोडलर, पोदार हिन्दी माध्यम, पोदार प्राथमिक विद्यालय एवं पोदार आईटीआई एवं पोदार बायज हास्टल एवं पोदार गर्ल्स हॉस्टल में विशव प्रशंसा दिवस मनाया गया। बाद में कस्तूरबा सेवा संस्थान में फल बांटे।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# शिक्षा के क्षेत्र में पोदार ट्रस्ट का योगदान सराहनीय

## सेठ जीबी पोदार कॉलेज का दीक्षांत समारोह

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



*नवलगढ़. कस्बे के सेठ जीबी पोदार कॉलेज में हुए कार्यक्रम में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करते हुए कलक्टर रवि जैन व अन्य अतिथि।*

नवलगढ़. कस्बे के सेठ जीबी पोदार कॉलेज के डॉ रामनाथ पोदार सभागार में गुरुवार को दीक्षांत समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर रवि जैन थे। अध्यक्षता जगन्नाथ विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. नवीन माथुर ने की। पोदार ट्रस्ट के सचिव प्रो एमसी मालू व अधिशाषी निदेशक एम डी शानबाग, पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला कलक्टर जैन ने कहा कि पोदार कॉलेज का इतिहास बहुत ही गौरवपूर्ण है। पोदार ट्रस्ट व पोदार परिवार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में दिया जा रहा योगदान देश भर में सराहनीय है। इस दौरान विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में अव्वल रहे पोदार कॉलेज के विद्यार्थियों को मंचस्थ अतिथियों की ओर से उपाधियां प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रो. नवीन माथुर ने विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षक व शिक्षा के प्रति सम्मान की भावना अपनाने के लिए प्ररित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होता है। कार्यक्रम में पोदार ट्रस्ट के सचिव प्रो. एमसी मालू ने जिला कलक्टर रवि जैन का, पोदार कॉलेज प्राचार्यडॉ.सत्येन्द्र सिंह ने अधिशाषी निदेशक एम डी शानबाग का स्वागत किया। वहीं कुलपति माथुर का स्वागत पोदार ट्रस्ट के शैक्षिक निदेशक डॉ वीएस शुक्ला ने किया। इससे पूर्व ट्रस्ट सचिव प्रो. एमसी मालू ने अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ दयाशंकर जांगिड़, रविन्द्र पुरोहित, समाजसेवी कैलाश चोटिया, प्रो गिरधारी लाल, श्रीमहेश मिश्र, रामकुमार सिंह आदि मौजूद थे। मंच संचालन अनिल कुमार ने किया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार का मानना है कि कॉलेज स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होता रहे।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'




Satyendra Singh

Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# पोदार कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण



न्यूज सर्विस/नवज्योति, नवलगढ़। कस्बे के दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी वेदिका पोदार द्वारा चलाई गई मुहिम वृक्ष लगाओं-भविष्य बचाओं के तहत नवलगढ़ उप पुलिस अधीक्षक एवं पोदार कॉलेज के पूर्व छात्र सतपालसिंह नें पोदार कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर पोदार ट्रस्ट के सचिव प्रो. एम सी मालू, पोदार ट्रस्ट के अधिशासी निदेशक एमडी शानभाग, पोदार कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह एवं पोदार कॉलेज उप प्राचार्य डॉ. विनोद सैनी भी उपस्थित रहे। उप-पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह ने कहा कि मैं पोदार कॉलेज में पौधरोपण कर अपने आप को गौरावन्वित महसूस कर रहा हूं। हमने अपनी शिक्षा पोदार शिक्षण संस्थाओं में ही प्राप्त की है। इन संस्थाओं में शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का फायदा मिल रहा है। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांतिकुमार आर पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार का मानना है कि ट्रस्ट द्वारा चलाई गई मुहिम 'वृक्ष लगाओं-भविष्य बचाओं' में अधिकाधिक लोगो की सहभागिता हों जिससे पर्यावरण का सुरक्षित रखा जा सकें।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE
Podar Educational Campus, Nawalgarh - 333042 (Raj.)



# गरीबों को करवाया भोजन

**नवलगढ़।** वैश्विक महामारी कोविड 19 के कारण लॉक डाउन के समय गौ सेवा समिति नवलगढ टींकू सिंगोदिया और उसकी टीम द्वारा छह दिनों से प्रतिदिन 250 से ज्यादा गरीब असहाय और जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट का वितरण किया जा रहा है। गौ सेवा समिति द्वारा जारी इस पावन कार्य में द आनंदी लाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ ने बुधवार को 100 किलो आटा, पांच किलो तेल, एक किलो मिर्च, दो किलो नमक, 10 किलो आलू, पांच किलो प्याज उपलब्ध करवाया तथा दा आनंदी लाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ आगे भी गौ सेवा समिति को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाएगी।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

Rambilas Podar Road, Nawalgarh Dist: Jhunjhunu – 333042
Phone No: 01594- 222030, 225892 Fax No: 01594-223198
Web Site: www.podarcollege.com E-Mail: principal@podarcollege.com

# बालिका सुरक्षा एवं सशक्तीकरण पर कार्यशाला आयोजित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नवलगढ़। उप जिला कलक्टर सुमन सोनल के मुख्य आतिथ्य में डॉ. रामनाथ पोदार सभागार में बालिका सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की।

सुमन सोनल ने कहा कि भारत में बच्चों की सुरक्षा के लिए अनेक कानून हैं और बाल सुरक्षा को सामाजिक विकास के मुख्य घटक के रूप में तेजी से स्वीकार किया जा रहा है। बालिकाओं की सुरक्षा के साथ महिलाओं को किन-किन अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए यह बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें समान वेतन का अधिकार है। उत्पीड़न के खिलाफ अधिकार है। घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार है, वे अपनी सुरक्षा के लिए सम्बंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर सकती है। इस अवसर पर अनेक बालिकाओं से वार्ता की और उन्हें निर्भीक और सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के प्रति हम सब की सोच और नजरिये में पिछले कुछ दशकों में सकारात्मक बदलाव आया है।



इसलिए महिलाएं उच्च पदों पर आसीन होकर अपने दायित्वों का निर्वाह कर रही हैं। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण उप जिला कलक्टर सुमन सोनल बालिका सुरक्षा के विशेषज्ञ के रूप में आपको महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगी। जिससे आप सभी में आत्मविश्वास की वृद्धि होगी। उप. प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि सुमन सोनल का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में सक्रीय रूप से भाग लेने का अधिकार है।

वे अपने अधिकारों के साथ अपनी मर्यादाओं का भी ध्यान रखे। उनकी वजह से किसी को शर्मिंदा नहीं होना पड़े। इस बात का विशेष ध्यान रखे। संचालन प्रो. खुशबू जांगिड़ ने किया। इस अवसर पर दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव के पोदार, ट्रस्टी वेदिका पोदार, निदेशक एमडी शानभाग ने बालिका सुरक्षा एवं सशक्तिकरण कार्यशाला को आवश्यक बताया।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

उपलब्ध करवाई जाती रहेगी।

सीमा सन्देश 3
जयपुर, बुधवार 02 मार्च 2022

# भ्रष्टाचार व मादक पदार्थ है समाज के सबसे बड़े शत्रु



नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ओर से कस्बे में संचालित सेठ जी. बी. पोदार कालेज में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में भ्रष्टाचार एवं मादक द्रव्य विषय पर सेमीनार हुई।


सेमीनार के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह थे। अध्यक्षता उपप्राचार्य डॉ. विनोद सैनी ने की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि हम नियमों को तोड़कर यदि कोई भी कार्य करते है तो वह भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। उपप्राचार्य डॉ. विनोद सैनी ने मादक पदार्थों के समाज में फैलते हुए जाल पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार व मादक पदार्थ समाज के सबसे बड़े शत्रु है, जो समाज को खोखला कर रहे है। अंकुर कुमावत ने बताया कि यदि हमें समाज में सुधार करना है तो इसकी शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। हम यदि ईमानदारी से हमारा काम करते है, तो निश्चित ही भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। हमें सरकारी एजेंसियों की मदद से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। इसी प्रकार कविता सैनी ने समाज में बढ़ते मादक पदार्थों के प्रयोग पर अपने विचार रखे तथा आह्वान किया कि नशा आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक विकास का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए इससे हमें दूर रहना चाहिए। मादक पदार्थों के प्रयोग से समाज में अपराधों में वृद्धि हो रही है, जो सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शान्तिलाल जोशी ने किया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम जाखड़ ने आभार व्यक्त किया। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वैदिका पोदार, निदेशक एमडी शानभाग ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में भ्रष्टाचार व मादक द्रव्यों के इस्तेमाल से होने वाले प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करें।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

कर्मचारी मौजूद थे।

# पोदार कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला

**नवलगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे की सेठ जीबी पोदार कॉलेज में बुधवार को



राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने एड्स के बारे में प्रारम्भिक जानकारी दी तथा बचाव के उपाय बताये। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताअकादमिक निदेशक केवी शर्मा ने स्वयंसेवकों को एड्स की सम्भावना, सुरक्षा, उपाय, बचाव आदि के बारे में विस्तार से जागरूक किया। जन्तु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डीएल बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त लेने, टीके की सीरींज, असुरक्षित यौन संबंध एड्स के कारण हो सकते हैं। अतः इन सब विषयों के सन्दर्भ में जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस यूनिट प्रथम अधिकारी प्रो. एसएल जोशी ने किया। अंत में प्रो. सुमन सैनी ने सभी का आभार व्यक्त प्रकट किया। पोदार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव के.पोदार व ट्रस्टी वेदिका पोदार ने कहा कि कॉलेज स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

सीमा सन्देश 3
जयपुर, गुरुवार 10 मार्च 2022

# विश्व में परचम लहरा रही है भारतीय महिलाएं



नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ओर से कस्बे में संचालित पोदार कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक सतपाल सिंह, थे। अध्यक्षताए प्राचार्य डॉण सत्येन्द्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि थानाधिकारी सुनील शर्मा तथा एपीटी कॉर्डिनेटर प्रियंका रहे। अतिथियों का स्वागत उपप्राचार्य डॉ. विनोद सैनी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्र में किया गया। प्रथम सत्र का आयोजन कॉलेज वूमेन सेल द्वारा किया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि सतपाल सिंह ने कहा कि भारत में ही नहीं पूरे विश्व मे भारतीय महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय महिलाएं लगातार इसरो, नासा, संसद, यूएनओ में भी अपनी भूमिका निभा रही है। विशिष्ट अतिथि सुनील शर्मा ने कहा कि भारत मे आदिकाल से ही महिलाओं को पूजा जाता रहा है। भारत में नारी को देवी के रूप मे स्थापित किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉण सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में विश्वविद्यालय मेरिट सूची में इस वर्ष आठ छात्राओं ने स्थान बनाए है। इससे यह सिद्ध होता है कि बालिकाएं कही भी लडकों से कम नहीं है। समाज में महिलाओं की स्थिति मे लगातार सुधार हो रहा है, जो सामाजिक संतुलन का परिचायक है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एनसीसी केडेट की ओर से एएनओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में कॉलेज द्वार से मानसा गेट, रामदेव मन्दिर होते हुए रैली निकाली गई। रैली को पुलिस उपाधीक्षक सतपाल सिंह, थानाधिकारी सुनील शर्मा, प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, उपप्राचार्य डॉ. विनोद सैनी, एपीटी सीईओ सुबेनॉय तालुकदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एसएल जोशी, प्रो. नरेन्द्र सैनी, प्रो. राजेश वर्मा, एएनओ कमलेश कुमार आदि मौजूद थे। वूमेन ग्रीवेंस सेल की संयोजक सुमन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। पोदार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव के पोदार एवं ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने पोदार एलुमिनी एसोसिएशन एवं वूमेन ग्रीवेंस सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की।

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# पोदार ट्रस्ट द्वारा जल संरक्षण पर झाझड़ गांव में सेमीनार का आयोजन



नवलगढ़:- दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा चलाई जा रही ‘‘जल संरक्षण’’ की मुहिम (जल है तो कल है) के तहत झाझड़ गांव स्थित शेखावाटी ग्रामीण उच्च मा. शिक्षण संस्थान में एक दिवसीय सेमीनार आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य सचिन कुमार मान ने की। सेमीनार के संयोजक राजेश वर्मा ने ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार की पहल से चलाई जा रही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी मुहिम ‘‘वृक्ष लगाओ-भविष्य बचाओं’’, ‘‘स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत’’, ‘‘पढ़ें भारत-बढ़े भारत’’, ‘‘बेटी पढ़ाओं-देश बढ़ाओं’’, ‘‘जल है तो कल’’ के उद्देश्य एवं इसके स्वरूप पर प्रकाश डाला।

सेमीनार को सम्बोधित करते हुए पोदार कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. दाऊ लाल बोहरा ने कहा कि आज विश्व के समक्ष घटता भू-जलस्तर सबसे बड़ी समस्या है और यही स्थिति रही तो आने वाले समय में देशों के मध्य युद्ध का कारण पानी ही होगा। इसलिए हम सबको जल का समुचित उपयोग कर इसके दुरूप्योग या व्यर्थ दोहन को रोकना होगा तथा अधिकाधिक वृक्ष लगाने के लिए समाज को प्रेरित करना होगा। सेमीनार को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य ने पोदार ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही जल संरक्षण व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अन्य मुहिमों की भूरि-भूरि प्रषंसा की और आष्वासन दिया कि पोदार ट्रस्ट की सभी मुहिमों में अपने सहयोग व समर्थन की प्रतिबद्धता जताई। सेमीनार में उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने जल संरक्षण की विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और इसे जीवन में अपनाने का भरोसा जताया। अन्त में सभी ने जल संरक्षण करने की शपथ ली। सेमीनार में पोदार

Satyendra Singh
Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

का◌ॅलेज, पोदार जी.पी.एस. एवं पोदार एस.के.पी. टायनी टोडलर प्ले स्कूल, पोदार हिन्दी माध्यम स्कूल एवं पोदार बी.एड. का◌ॅलेज, पोदार आई.टी.आई. का◌ॅलेज के स्टा◌ॅफ सदस्यों ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार रखे। सभी विद्यार्थियों एवं स्टा◌ॅफ सदस्यों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कान्तिकुमार आर. पोदार एवं ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि ऐसी सेमीनारों के माध्यम से लोगों को जल बचानें एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर सकते है ऐसी सेमीनार भविष्य में प्रत्येक गांव व ढाणियों में आयोजित किए जायेगें जिससे लोगों को जल बचाने एवं अधिकाधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## पोदार कॉलेज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस।




नवलगढ: दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार द्वारा चलाई गई मुहिम " वृक्ष लगाओं-भविष्य बचाओं " के अन्तर्गत पोदार कॉलेज एवं पोदार बीएड कॉलेज के तत्वाधान में पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र सिंह , पोदार टीटी कॉलेज उपप्राचार्य डॉ दुर्गा भोजक एवं पोदार कॉलेज के उप प्राचार्य ने पोदार कॉलेज परिसर में पेड लगाए । इस अवसर पर पोदार कॉलेज के प्राचार्य [illegible]

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

19 के लॉक-डाउन के कारण परिसर में विद्यार्थी एवं पूर्ण स्टाफ न होने के कारण आज विश्व पर्यावरण दिवस पर सांकेतिक रूप से कुछ पेड ही लगाये गये है, परन्तु कोविड- 19 की स्थिति सामान्य होने एवं महाविद्यालय खुलने पर इस वर्ष पोदार कॉलेज परिसर एवं पोदार कॉलेज के खेल परिसर में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा वर्षा ऋतु में 1000 पेड लगवाये जायेगें।

पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कांति कुमार आर पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि पेड-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, इसलिए हमें अपने जीवन में अधिकाधिक वृक्ष लगाकर पृथ्वी को हरा-भरा बनाना चाहिए।

## पोदाराईट्स बोले बाल विवाह महापाप, निकाली रैली




नवलगढ़ -बाल विवाह रोकने हेतु जन जागरूकता रैली का किया आयोजन दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं के स्काउट्स एवं पोदार B.Ed कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संयुक्त

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए आज प्रातः जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया राजस्थान राज्य की स्काउट गाइड की नवलगढ़ इकाई के पदाधिकारी एवं अन्य स्काउट्स के सभी लोग नवलगढ़ मजिस्ट्रेट कार्यालय में एकत्रित हुए जहां पर नवलगढ़ DSP श्री प्रभाती लाल एवं तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया पोदारशिक्षण संस्थाओं के स्काउट्स ने बालविवाह अपराध है छोटी उम्र में शादी जीवन की बर्बादी जैसे नारे लगाते हुए पोदार सर्किल पोदार कोलेज पोदार GPS नगर पालिका होते हुए सूर्य मंडल तक रैली के माध्यम से लोगों को बालविवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया रैली का पोद्दार कॉलेज के सामने पोदार ट्रस्ट के सीईओ डॉक्टर जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने रैली का स्वागत करते हुए कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा राजस्थान में सदियों से चली आ रही है इससे कम उम्र में बालिकाओं की शादी करने से अनेक खतरे और कष्ट बालिकाओं को ही झेलने पड़ते हैं पढ़ने की उम्र में बालिकाओं की शादी करना एक जघन्य अपराध है इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए ऐस ऐसे कार्यों में पोदार ट्रस्ट का सहयोग सदैव रहेगा इस अवसर पर पोद्दार B.Ed कॉलेज की प्राचार्य दुर्गा भाजके के नेतृत्व में प्रवक्ताओं पोदार GPS के स्काउट प्रभारी श्री नीरज शर्मा पौधार ट्रस्ट के पीआरओ श्री अवधेश पालीवाल सहित कर्मचारियों ने रैली में भाग ले रहे स्काउट्स को पानी पिलाकर रैली को गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया

## पोदार कॉलेज के फिजिक्स विभाग में सोलर सेल पर अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'




नवलगढ़ -पोदार कॉलेज, नवलगढ़ के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के प्रेरणा स्त्रोत दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के माननीय चेयरमैन कान्ति कुमार आर. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार, पोदार ट्रस्ट अधिशाषी निदेशक एम.डी. शानभाग थे। वेबिनार का विषय-भौतिक विज्ञान के स्नातक व स्नातकोतर छात्रों के लिए सोलर सेल की उपयोगिता तथा नवाचार की जानकारी उपलब्ध कराना था।वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉ. पूनम शर्मा, प्रोफेसर शंघाई विश्वविधयालय चीन थी। वेबीनार में 170 छात्रों ने रजिस्ट्रेषन कराया और 143 प्रतिभागियों ने इस वेबीनार में भाग लिया। वेबिनार की शुरूआत सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक कुमार जैन ने विषय की उपयोगिता बता कर की। डॉ. पूनम शर्मा ने एम.एस.सी. व बी.एस.सी. के छात्रों को उनके भविष्य के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तथा सोलर सेल के निर्माण, व इसके दैनिक जीवन में उपयोग को समझाया ।प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, व डॉ. भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने सभीका धन्यवाद ज्ञापित किया। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन कान्ति कुमारआर. पोदार व ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार का मानना है कि यह वेबीनार विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के लाभदायी रहेगी।

Satyendra Singh

Digitally signed by Satyendra Singh
Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

# SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE

**Podar Educational Campus, Nawalgarh - 333042 (Raj.)**


## पोदार कॉलेज नवलगढ़ में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत लिटरेसी, एजुकेशन एंड मोरैलिटी विषय पर एक व्याख्यान।



**नवलगढ़।** कल दिनांक 08 मार्च, 2022 को स्थानीय सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत लिटरेसी, एजुकेशन एंड मोरैलिटी विषय पर कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बी. यू. खान ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रोफेसर खान ने विभिन्न दृष्टांतो के माध्यम से विषय के अर्थ को स्पष्ट करते हुए शिक्षा में नैतिकता की अनिवार्यता का प्रतिपादन किया। उन्होंने शिक्षक के कर्तव्य एवं शिक्षार्थियो के अधिकार की अद्वैतता को स्पष्ट किया। उनके अनुसार वर्तमान में दृष्टिगत अनेक दोषों अथवा विसंगतियों का कारण मोरल-पॉल्युशन (नैतिक दूषण) ही है, जिसका समाधान केवल शिक्षक ही कर सकते है। निस्संदेह यह व्याख्यान सभी श्रोताओं को आत्मनिरीक्षण करने के लिए ही नहीं बल्कि आत्मशुद्धि के संकल्प को जगाने के लिए भी प्रेरित करने वाला था। इस व्याख्यान में पोदार कॉलेज नवलगढ के प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं समस्त व्याख्याताओ के साथ ही राज्य के विभिन्न राजकीय व निजी महाविद्यालयों के संकाय सदस्यो ने श्रोता के रूप में न केवल भाग ही लिया अपितु व्याख्यान के विभिन्न पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। कार्यक्रम का

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'

शुभारंभ करते हुए पोदार कॉलेज के प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. दाऊलाल बोहरा ने श्रोताओं के समक्ष मुख्य वक्ता डॉ. खान का परिचय दिया, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. चेतन दाधीच ने डॉ. खान द्वारा व्याख्यान हेतु चयनित टॉपिक की गम्भीरता एवं प्रासंगिकता के विषय मे श्रोताओं को अवगत करवाया। महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. विनोद सैनी ने इस सार्थक व्याख्यान के लिये वक्ता, श्रोता तथा ऐसे आयोजन की प्रेरणा के लिए महाविद्यालय प्रबंधन को साधुवाद दिया। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य डॉ सत्यैंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. बी.यू. खान का आभार व्यक्त किया। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन श्री राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार एवं अधिशासी निदेशक श्री एम.डी. शानभाग ने इस आयोजन के लिए कार्यकारी समिति को बधाई एवं वक्ता को धन्यवाद प्रेषित किया है।

Satyendra Singh Digitally signed by Satyendra Singh Date: 2022.11.14 11:10:11 +05'30'